साप्ताहिक
Website: www.narmadasamay.com
Email: narmadasamay@gmail.com
Title Code:-MPHIN/36648

# नर्मदा समय

संपादक-प्रताप सिंह वर्मा

वर्षः 01, अंकः 17 | इटारसी, सोमवार 03 अप्रैल से 09 अप्रैल 2023 | पृष्ठ-04 | मूल्यः 05 रुपए

## मंदिर में बावड़ी की छत ढहने से बड़ा हादसा

# मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मरीजों से मिलने के लिए पहुंचे एवं घटनास्थल का भी जायजा लिया





**नर्मदा समय, अरुण कश्यप**

**इंदौर।** 30 मार्च को एक मंदिर में बावड़ी की छत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है। 33 शव निकाले जा चुके हैं, 2 मौतें अस्पताल में हुई। कलेक्टर इलैयाराजा टी ने इसकी पुष्टि की है। एक व्यक्ति सुनील सोलंकी लापता है, जिसकी तलाश जारी है। देर रात आर्मी ने मोर्चा संभाला। रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। 18 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जिसमें से 2 को डिस्चार्ज कर दिया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा इंदौर पहुचें ।

### ऐसे हुआ हादसा

रामनवमी पर यहां पूजा की जा रही थी। 11 बजे हवन शुरू हुआ।मंदिर परिसर अंदर बावड़ी की गर्डर फर्शी से बनी छत पर 60 से ज्यादा लोग बैठे थे। तभी स्लैब भरभराकर गिर गया। सारे लोग 60 फीट गहरी बावड़ी में जा गिरे। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, मंदिर समिति ने बिना अनुमति 30 साल पहले अवैध ढंग से बावड़ी को ढंक दिया। पूजा कर रहे लोगों को भी पता ही नहीं था कि वे बावड़ी पर बैठे हैं। निगम के रिकॉर्ड में दर्ज 629 बावड़ियों की सूची में पटेल नगर की बावड़ी का कहीं जिक्र ही नहीं था। समिति ने बावड़ी पर जाली ढंक कर ऊपर से फर्श बना दिया था।

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मरीजों से मिलने के लिए अस्पताल पहुंचे एवं मरीजों से मुलाकात की इस अवसर पर शिवराज सरकार के कई मंत्री भी शामिल रहे मरीजों से उनके हालचाल लिए एवं घटना की पूरी जानकारी ली मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान मरीजों से मिलने के बाद में घटनास्थल का भी जायजा लेने के लिए जाएंगे ।

## कुत्तों ने काले हिरण को नोचा, जिससे उसकी हुई मौत

**नर्मदा समय, अरुण कश्यप**



**सिवनी मालवा।** तहसील शिवपुर में ग्राम नाहरकोला रोड के पास ग्रामीणों ने मृत अवस्था में एक काले हिरण को देखा। इसकी सूचना ग्रामीणों ने शिवपुर थाने सहित वन अमले को दी। मौके पर पहुंची वन अमले की टीम ने हिरण को कब्जे में ले लिया। वनरक्षक ब्रजेश पगारे ने बताया कि काले हिरण के शव का पंचनामा बनाया है। उन्होंने बताया कि कुत्तों ने हिरण को नोचा है, जिससे उसकी मौत हो गई।रेंजर के अनुसार काले हिरण का पोस्टमॉर्टम कराकर मौत का कारण पता लगाया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि काले हिरण की मौत कुत्तों के नोचने से ही हुई है। ग्रामीण दुर्गेश बैरागी ने बताया कि सुबह नाहरकोला रोड पर काला हिरण मृत अवस्था में दिखाई दिया था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई थी। पुलिस ने वन विभाग को बुलवाया है। टीम मौके पर पहुंची और जाकर देखा तो हिरण के शव पर कुत्ते के नोचे जाने के निशान मिले हैं। पंचनामा की कार्रवाई के बाद काले हिरण के शव को वन परिक्षेत्र सिवनी मालवा लाया जाएगा, जहां हिरण के शव का पीएम कराया जाएगा। हिरण का अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## अखिल भारत हिंदू महासभा की संगठन विस्तार बैठक आयोजित हुई

### सूरज ठाकुर बने युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष एवं सविता वर्मा बनी महिला युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष

**नर्मदा समय/प्रताप सिंह वर्मा**



**इटारसी।** अखिल भारत हिंदू महासभा मध्य प्रदेश नर्मदापुरम संभाग की संगठन विस्तार को लेकर बैठक रानी अवंती स्कूल में आयोजित हुई । बैठक में सर्वसम्मति से अखिल भारत हिंदू महासभा युवा मोर्चा इटारसी नगर अध्यक्ष सूरज ठाकुर को एवं महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष सविता वर्मा को मनोनीत किया । दोनों नगर अध्यक्ष का सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार संगठन के महत्व के बारे में सभी को बताया एवं मार्गदर्शन किया । संभागीय संगठन मंत्री डॉ प्रताप सिंह वर्मा संगठन के दायित्व की निर्वहन के बारे में जानकारी दी । जिला महामंत्री भारत सिंह ठाकुर द्वारा अखिल भारत हिंदू महासभा के इतिहास के बारे में बताया । जिला सह मंत्री राजा प्रजापति ने संगठन शक्ति के बारे में बताया ।

बैठक में आशीष प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा नगर सह मंत्री, नगर कार्यकारिणी सदस्य नरेंद्र प्रजापति, अनुराग कुचबंदिया, भानु झोठे, अनिकेत नामदेव सोनू कुच बंदिया, महेश मेहरा, नवीन महोबे, पवन महोबे, अभिषेक यादव, शुभम पुजारी कार्तिक उसरेठे, दिव्यांश पुरबिया पीयूष रैकवार, मयंक रैकवार अमन रैकवार, मोहित कोर्डिया मोहित मालवीय एवं मातृशक्ति में शैली पाठक, हर्षिता लोधी उपस्थित रहे ।

## समर्पण ग्रुप कर रहा है नित नए प्रयास

**नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा**



इटारसी। दिनांक 2 अप्रैल दिन रविवार को समर्पण ग्रुप इटारसी के सभी सदस्यों ने मिलकर पोटर खोली स्थित शिव मंदिर के चारों और स्वच्छता अभियान के अंतर्गत साफ सफाई की। ग्रुप के सदस्यों ने वहां स्थित कटीली झाड़ियों व खरपतवार जैसे पौधों को हटाया । यह ग्रुप निरंतर स्वच्छता के अंतर्गत कार्य कर रहा है और आज पुनः मंदिर प्रांगण के आसपास पक्षियों के दाना और पानी के लिए पात्र लगाएं। ताकि गर्मी बढ़ने पर पक्षियों को पर्याप्त मात्रा में अन्न और जल उपलब्ध हो सके। आज शिव मंदिर प्रांगण में समर्पण ग्रुप के सदस्यों ने पांच आम के पौधे लगाए। इस वृक्षारोपण में मंदिर के पुजारी भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में समर्पण ग्रुप के संस्थापक सदस्य आशीष भदौरिया, संस्थापक सदस्य अंकित राठौर, संस्थापक सदस्य विनोद कदम, संस्थापक सदस्य संदीप मालवीय, सदस्य राजेश चौधरी, सदस्य गिरधारी , सदस्य गुड्डु सराठे, सदस्य वीरेंद्र दीवान, सदस्य जिज्ञास मौर्य एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। समर्पण ग्रुप के वरिष्ठ सदस्य पप्पू चौधरी ने बताया कि हमारा ग्रुप स्वच्छता पर कार्य कर रहा है और हम समस्त शहरवासियों से निवेदन करते हैं कि खुले में कचरा ना फेंके और अपने घरों का कचरा कचरा गाड़ी में ही डालें, पॉलीथिन का उपयोग कम से कम करें। समर्पण ग्रुप के संस्थापक सदस्य अंकित राठौर ने कहा जल्द ही हमारा ग्रुप पॉलीथिन के दुष्प्रभाव की जानकारी एवं जागरूकता के लिए कार्य करेगा।

## जिले के नगरीय क्षेत्रों में प्लाईऐश के भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित : कलेक्टर

**नर्मदा समय / प्रदीप गुप्ता**



**नर्मदापुरम।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीरज कुमार सिंह ने दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत नर्मदापुरम जिले के नगरीय क्षेत्रों में प्लाईऐश के भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधात्मक किया हैं। अपर कलेक्टर मनोज कुमार ठाकुर द्वारा जारी आदेशानुसार नर्मदापुरम जिले के संपूर्ण नगरीय क्षेत्रों में प्लाईऐश के भारी वाहनों का प्रवेश प्रातः 06:00 बजे से रात्रि 11:00 बजे तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/संगठन पर भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।उल्लेखनीय हैं कि गाडरवारा जिला नरसिंहपुर से प्लाईऐश के भारी वाहन अनुभाग नर्मदापुरम के मुख्य मार्गों से होकर तेज रफ्तार से गुजरते है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है एवं आमजनों से इससे असंतोष व्याप्त है, जो कि दण्डप्रक्रिया संहिता की धारा 133 अंतर्गत न्यूसेंस की परिधि में आता है। उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए कलेक्टर श्री सिंह के आदेशानुसार अपर कलेक्टर नर्मदापुरम मनोज कुमार ठाकुर द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत नर्मदापुरम आदेश पारित किए गए हैं।

## देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ चिपकाये पोस्टर, भाजपा कार्यकर्ताओ ने की कार्यवाही की मांग



**नर्मदा समय / नर्मदापुरम/ प्रदीप गुप्ता।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ रात को भाजपा जिला कार्यालय नर्मदापुरम के सामने सहित शहर के अन्य स्थानों पर कुछ लोगों द्वारा पोस्टर चिपकाए गए थे और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल किया गया था। आज कोतवाली थाना प्रभारी विक्रम रजक को आवेदन देकर उन लोगों को चिन्हित कर इन पर प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की गई। इस अवसर पर मनीष परदेसी लोकेश तिवारी एवं भाजपा के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दिगंबर जैन समाज आज भगवान महावीर स्वामी की शोभा यात्रा निकाल कर नगर भ्रमण करायेंगे

**नर्मदा समय/प्रदीप गुप्ता**



नर्मदापुरम ।महावीर जयंती के पावन पर्व पर दिगंबर जैन समाज द्वारा मोरछली चौक स्थित दिगंबर जैन मंदिर से आज सोमवार दिनांक 3/04/2023 को प्रातः 8:30 बजे भव्य शोभा यात्रा के माध्यम से पालकी जी में भगवान महावीर स्वामी जी को नगर भ्रमण कराया जाएगा। जिसमें समाज के समस्त जन पुरुष, महिला, बच्चे व गणमान्य नागरिक गण आदि शामिल रहेंगे। शोभा यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक , हलवाई चौक , ताराहाता , मेन बोर्ड , सराफा चौक से होती हुई पुनः मंदिर मोरछली चौक पर पहुंचेगी।

## सेवा और समर्पण का संकल्प लेकर बूथों पर उतरेंगे भाजपा कार्यकर्ता : पंकज जोशी

**नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता**




**नर्मदापुरम।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा नर्मदापुरम जिला द्वारा जिले के शक्ति केंद्र और मतदान केंद्रों पर रविवार को महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण का वाचन किया गया। कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपति के अभिभाषण से प्रेरणा लेकर जमीनी स्तर पर कार्य करने की बात कही द्य शक्ति केंद्रों पर कार्य कर्ताओं ने बूथ के डिजिटलाइजेशन का काम भी किया।

आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी सेवा समर्पण संकल्प के साथ हर बूथ पर भाजपा की रीति नीति और कार्य पद्धति से आमजन को जोड़ेंगी। उक्त बात रविवार को नर्मदापुरम में शक्ति केन्द्र 8 माँ हिंगलाज के वार्ड 26-27 के बूथ 51 से 56 के पार्टी पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने संबोधित करते हुए कहा कि इस पूरे पखवाड़े के अंतर्गत सेवा का संकल्प लेते हुए सभी को सरकार की हितग्राही मूलक योजना से जोड़ते हुए उनकी जिंदगी सुधारने का काम भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। जिस प्रकार से मध्य प्रदेश की सरकार ने लाडली बहना योजना के माध्यम से मातृशक्ति को सीधा लाभ देने का प्रयास किया है, जिसकी सराहना सब ओर हो रही है द्य इस योजना से आम कार्यकर्ता अपने अपने बूथों की मातृशक्ति को जोड़कर लाडली बहना योजना अंतर्गत सभी का पंजीयन कराएंगे।

आज से मध्यप्रदेश की शिवराज कैबिनेट की सरकार ने आहाता को बंद कर दिया है। नशा मुक्ति के खिलाफ अहाता बंद करना सरकार की एक अच्छी पहल है जिससे निश्चित ही नशाखोरों की प्रवृत्ति पर अंकुश लगेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने जिले के प्रत्येक कार्यकर्ताओं और मातृशक्ति की ओर से मध्यप्रदेश सरकार के मुखिया शिवराज सिंह चौहान और भारतीय जनता पार्टी के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## एनएपीएम के मुद्दा आधारित सम्मेलन में मेधा पाटकर ने प्राकृतिक संसाधनों की लूट एवं इनके निजीकरण पर उठाए

**नर्मदा समय/ प्रदीप गुप्ता**

**नर्मदापुरम।** जन आंदोलन के राष्ट्रीय समन्वय (एन ए पी एम) के मुद्दों जल, जंगल, जमीन, विस्थापन, विकास, संघर्ष निर्माण अधारित सम्मेलन के सत्र में सामूहिक चर्चा की गई, जिसमें एन ए पी एम के मेधा पाटकर ने सदन में आये सुझाव, राजनीतिक दलों से समन्वय, मैदानी एवं कानूनी संघर्ष आदि मुद्दों पर लंबी चर्चा के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। महेंद्र यादव, अमूल्य निधि, मीरा बहन, किरण देव यादव, योगेश, राहुल यादुका, इंद्रदेव यादव, चित्रांगदा, अनुराधा, राजकुमार सिन्हा, गोपाल राठी, रामप्रसाद कजले, शारदा , राजेन्द्र, सुरेखा दलवी आदि सुझावों को प्रस्ताव में शामिल किया गया। प्रस्ताव में समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों से समन्वय बनाकर संघर्ष तेज करने एवं समता, मानवता, न्याय, नैतिकता के आधार पर प्रकृति, संस्कृति के संरक्षण हेतु संघर्ष तेज करने का मजबूती से पहल करने का आव्हान किया गया। जलवायु परिवर्तन विषय पर गोल्डमेन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित प्रफुल्ल सामंतरा ने विस्तार से जलवायु परिवर्तन के कारण, प्रभाव व निदान पर चर्चा की। विभिन्न मुद्दों पर पूरे देश में रचनात्मक, आंदोलनात्मक, सृजनात्मक संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया। इस दौरान राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अनेक गतिविधियां प्रस्तावित की गई। अमूल्य निधि ने बताया कि एन ए पी एम ने राजस्थान में हाल ही में पारित स्वास्थ्य अधिकार कानून का स्वागत करते हुए इसे राष्ट्रीय स्तर का कानून बनाकर पूरे देश में लागू करने की मांग की गई। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर नदी घाटी मंच का गठन किया गया जिसमें राजकुमार सिन्हा , किरण देव यादव और इंद्रदेव यादव सहित 5 सदस्यीय राष्ट्रीय कमेटी का गठन किया गया।

इसके बाद नर्मदापुरम शहर के पीपल चौक में आयोजित सभा में नफरत की राजनीति और प्राकृतिक संसाधनों की लूट पर रोक लगाने की मांग की गई। सभा मे वक्तायो ने बताया कि रास्ट्रीय स्तर पर संघर्ष को मजबूत करेंगे और जल जंगल जमीन को बचाएंगे ।

# मुंहतोड़ जवाब जरूरी



नासमझ अलगाववाद ने फिर एक बार अपनी नकारात्मकता का परिचय दिया है। कनाडा के ओंटारियो प्रांत के हैमिल्टन शहर में सिटी हॉल के पास स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा को खालिस्तान समर्थकों ने बदरंग कर दिया। लाठी की जगह अलगाववाद का झंडा लगा दिया गया। यह प्रतिमा यहां साल 2012 से स्थापित है। इसे भारत सरकार ने कनाडा सरकार को उपहार स्वरूप दिया था। यह बेहद दुखद और निंदनीय है कि कनाडा पुलिस या सरकार वहां भारतीय प्रतीकों की रक्षा नहीं कर पा रही है। भारत सरकार को बहुत कड़े शदों में आपा्ति जतानी चाहिए और भारत विरोधी प्रदर्शनों के प्रति चंद विदेशी सरकारों की उदारता पर सुनियोजित प्रहार करना चाहिए। उस शहर के अधिकारियों ने प्रतिमा और वहां मौजूद भि्िाचित्र को साफ करने के लिए तेजी से काम किया है, लेकिन इतना ही पर्याप्त नहीं है। पुलिस को उपद्रवियों को पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। चूंकि वहां की पुलिस पर्याप्त कड़ाई नहीं बरत रही है, इसलिए ऐसी घटनाएं बार-बार सामने आ रही हैं। अभी लोग भूले नहीं हैं, फरवरी में ही कनाडा के ग्रेटर टोरंटो एरिया में एक हिंदू मंदिर को अपवित्र किया गया था। वहां दीवार पर भारत विरोधी और खालिस्तान समर्थक चित्र व शद पेंट किए गए थे। एकाधिक बार मंदिरों का निशाना बनाना यह साफ बताता है कि उपद्रवियों में धर्म या अपने धर्म की भी बहुत सीमित या संकीर्ण समझ है। सिख पंथ उदारता और समन्वय को समर्पित है, लेकिन यहां अगर देव या मंदिर के अपमान की परिपाटी चल रही है, तो भटकाव को सहज ही समझा जा सकता है। भटके हुए लोगों को यह पता नहीं है कि अलगाववाद के उन्माद में वह किनका अपमान कर रहे हैं। महात्मा गांधी के विरोध का तो वैसे भी कोई कारण नहीं बनता है। अगर उन पर केवल इसलिए हमला किया गया है, योंकि वह भारत में राट्रपिता कहलाते हैं, तो इसके पीछे कुत्सित राजनीति ही है। सत्य, प्रेम और अहिंसा के पुजारी को अगर निशाना बनाया जा सकता है, तो यह सोचने वाली बात है कि निशाना बनाने वाले किस मंशा के लोग हैं। गौर करने की बात है कि रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में स्थित महात्मा गांधी की एक प्रतिमा को पिछले साल जुलाई में बदरंग किया गया था। मगर इतने हमलों के बाद भी कनाडा में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, अमेरिका में इस तरह के हिंसक प्रदर्शन भारत सरकार के लिए गंभीर विषय हैं। ये ऐसे देश हैं, जो भारत से अपनी मित्रता की असर दुहाई देते हैं और भारत से पूरे लाभ भी लेते हैं, लेकिन भारत की हितिचंता के प्रति उनकी उदासीनता अलग से विचारणीय है। बेशक, खालिस्तान समर्थकों की संया बहुत कम है, पर इसका मतलब यह नहीं कि उनके भारत विरोधी प्रदर्शनों के प्रति नरमी बरती जाए। भारत को तोड़ने का सपना नया नहीं है, लेकिन 'कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी' के अंदाज में भारत ने हमेशा मुकाबला किया है। अनगिनत प्रमाण हैं कि भारत विरोध के प्रचार-प्रसार में पाकिस्तानी प्रतिष्ठान खुलकर लगा हुआ है। जो लोग भारत को तोड़ने में लगे हैं, वही लोग संयुक्त राष्ट्र में बार-बार बेशर्मी से कश्मीर मुद्दा उठा रहे हैं।

## नई एफटीपी में अमृतकाल का रोडमैप है

# भारत की नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) 2023-28 का आगाज़

**वैश्विक स्तरपर कोरोना के दानवों द्वारा खड़ी की गई बाधाओं को ध्वस्त करते हुए भारत तेजी से विकास रूपी बुलेट ट्रेन के रोडमैप रूपी पटरी बनाते हुए तेज गति से दौड़ने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। इसी कड़ी में दिनांक 31 मार्च 2023 को नई विदेश व्यापार नीति 2023-28 अमृत काल केरोडमैप के रूप में लांच की गई है, जो लंबे समय के इंतजार के बाद घोषित की गई है। भारत की पिछली विदेश व्यापार नीति 1 अप्रैल 2015 को लागू की गई थी, जिसका समाप्त होने का वर्ष 2020 था, लेकिन कोरोना महामारी के आने के कारण सितंबर 2022 में इसे 31 मार्च 2023 तक बढ़ा दिया गया था,जो अभीतक पुरानी नीतियों के आधार पर ही एफटीपी चल रही थी। महामारी ने अनेकों योजनाओं व उसके रोडमैपों को बुरी तरह ध्वस्त करके रख दिया था, जिसके लिए नई नीतियों की तात्कालिक ज़रूरत व्यापार उद्योग क्षेत्र में महसूस की जा रही थी। अब चूंकि भारत तेजी से अपनी अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बनाने की ओर बढ़ चला है, इसीलिए नई विदेश व्यापार नीति का रोडमैप लाना अनिवार्य हो गया था। अब इस एफटीपी का लक्ष्य भारत के निर्यात को 2030 तक 2 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का रखा गया है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि भारत की नई विदेश व्यापार नीति 2023-28 का आगाज़।**



एडवोकेट किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम इस नई एफटीपी की करें तो यह 1 अप्रैल 2023 से लागू हो गई है जिसका फोकस रुपए में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ाना है। कोरोना वायरस की वजह से अभी तक मौजूदा विदेश व्यापार नीति ही चालू थी और इसमें कोई बदलाव नहीं किया गया था। लेकिन मार्च महीने के आखिरी दिन यानी,31 मार्च 2023 को नई विदेशव्यापार नीति 2023-28 को जारी कर दिया गया है। इस दौरान सरकार ने बताया है कि जीडीपी की ग्रोथ 7 फ़ीसदी रहने वाली है। इस दौरान ये भी बताया गया है कि एफवाई 24 में 760 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट हो सकता है।बता दें कि फार्म एक्सपोर्ट एफवाई 22 में यूएसडी 25 बिलियन रहा है। नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी को इंसेंटिव रिजीम से रिमीशन रिजीम की तरफ ले कर जाने का प्रयास है। इसके अलावा एमएसएमई के लिए एप्लीकेशन फीस को 50-60 परसेंट कम की गई है। एक्सपोर्ट को रिकॉग्निशन के लिए थ्रेशोल्ड को कम किया गया है। इसके अलावा रुपये में इंटरनेशनल ट्रेड के लिए बढ़ावा दिया जाएगा। साल 2020 के बाद अब नई फॉरेन ट्रेड पॉलिसी (एफटीपी) को लाया गया है। इस पॉलिसी में अमृतकाल काल का रोडमैप है और अगले 5 साल के लिए ये पॉलिसी होगी। इसके अलावा इस पॉलिसी के जरिए एक्सपोर्ट्स को बढ़ावा मिलने वाला है। वहीं ओडीओपी के लिए विशेष प्रयोजन किया जाएगा। इसके अलावा ई कॉमर्स, नए एक्सपोर्ट हब तैयार किए जाएंगेद्व फॉरेन ट्रेड पालिसी में कोई सनसेट क्लॉज नहीं है। एक्सपोर्ट एक्सीलेंस शहरों की सूची में फरीदाबाद, मुरादाबाद, मिर्जापुर, वाराणसी को शामिल किया गया है। रुपए को ग्लोबल करेंसी बनाने का लक्ष्य है और रुपए में ट्रेड सेटलमेंट को सरकार ने मंजूरी दे दी है। 2 लाख करोड़ डॉलर के एक्सपोर्ट लक्ष्य को 2030 से पहले हासिल कर लेने का लक्ष्य है और डॉलर की कमी वाले देशों के साथ रुपए में ट्रेड करने पर विचार किया जा रहा है। डायरेक्टर जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड के मुताबिक, एफवाई 23 में 76500 करोड़ डॉलर का एक्सपोर्ट संभव है। ये पॉलिसी कई से लागू हो जाएगी। वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण एक्सपोर्ट चुनौतीपूर्ण रहेगा। वहीं जरूरत के मुताबिक फॉरेन ट्रेड पॉलिसी में बदलाव किए जाएंगे। फॉरेन ट्रेड पॉलिसी तय समय सीमा के लिए नहीं होगी। डीजीएफटी के मुताबिक, इंडस्ट्री से मिले फीडबैक, जरूरतों के आधार पर एफटीपी में बदलाव होंगे। कैपिटल गुड्स एक्सपोर्ट प्रोमोशन प्लान जारी रहेगा। इसके अलावा एक्सपोर्ट एक्सीलेंस लिस्ट में 4 नए शहर जोड़े गए। ट्रेड पॉलिसी का फायदा ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट को भी मिलेगा। डीजीएफटी के मुताबिक, 2030 तक ई-कॉमर्स एक्सपोर्ट 20-30 हज़ार करोड़ डॉलर संभव है। सरकार एक्सपोर्ट मामले निपटाने के लिए एमनेस्टी स्कीम लेकर आएगी। एमनेस्टी स्कीम की सुविधा सितंबर 2023 तक मिलेगी। 2030 तक मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट डॉलर 1 एलके सीआर और सर्विस एक्सपोर्ट डॉलर 1 एलके सीआर होने की उम्मीद है, वहीं कंपिटेटिव और क्वालिटी एक्सपोर्ट प्रमोशन के लिए इन्सेंटिव दिए जाएंगे और अलग से एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल का गठन किया जाएगा। इसके अलावा एसईजेड को अपग्रेड और मोडिफाई कर डीईएसएचः डेवलपमेंट ऑफ इंटरप्राइज एंड सर्विसेज हब बनाया जाएगा। साथियों बात अगर हम एमएसएमई उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी योजना में एक अप्रैल 2023 से महत्वपूर्ण सुधारों की करें तो, केंद्रीय बजट 2023-24 में, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कोष में 9, हज़ार करोड़ रुपये के निवेश के साथ 01.04.2023 से क्रेडिट गारंटी स्कीम फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज में महत्वपूर्ण सुधार करने की घोषणा की थी, ताकि इसे 2 लाख करोड़ के अतिरिक्त गिरवी (कलैटरल)-मुक्त गारंटेड क्रेडिट से सक्षम बनाया जा सके और ऋण की लागत में लगभग 1 प्रतिशत की कमी लाई जा सके।इ सके परिणामस्वरूप इस योजना में निम्नलिखित महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं, क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) कोष में 30.03.2023 को 8, हज़ार करोड़ रूपये का निवेश किया गया है। सीजीटीएमएसई ने 1 करोड़ रुपये तक के ऋणों के लिए वार्षिक गारंटी शुल्क को 2 प्रतिशत प्रति वर्ष की उच्च दर से घटाकर 0.37 फ़ीसदी प्रति वर्ष तक कम करने के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए हैं। इससे सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण की समग्र लागत काफी सीमा तक कम हो जाएगी। गारंटियों के लिए अधिकतम सीमा को 2 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 5 करोड़ रुपये कर दिया गया। 10 लाख रुपये तक के बकाया ऋण के लिए गारंटियों के संबंध में दावों के निपटान के लिए कानूनी कार्यवाही शुरू करने की अब आवश्यकता नहीं रहेगी।सीजीटीएमएसई ने वित्त वर्ष 2022 - 23 के दौरान 1 लाख करोड़ रुपये की गारंटियों को मंजूरी देने के बारे में अधिकतम आंकड़े को छूकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

अतः अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर उसकाविश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नईएफटीपी में अमृतकाल का रोडमैप है।भारत की नई विदेश व्यापार नीति 2023-28 का आगाज़। भारत में लंबे समय के इंतजार के बाद नई विदेश व्यापार नीति की घोषणा, दूरगामी अनुकूल परिणामों की संभावनाओं का रोडमैप है।


## महावीर जयंती विशेष

# महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें

ललित गर्ग

भगवान महावीर सामाजिक एवं व्यक्तिक्रांति के शिखर पुरुष थे। महावीर का दर्शन अहिंसा और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। उनकी क्रांति का अर्थ रक्तपात नहीं ! क्रांति का अर्थ है परिवर्तन। क्रांति का अर्थ है जागृति ! क्रांति अर्थात् स्वस्थ विचारों की ज्योति ! क्रांति का अर्थ आग नहीं, सत्य और पूर्णता की ओर बढ़ना क्रांति है। इस दिशा में स्वयं बढ़ना क्रांति कहलाती है। जिसे वीर पुरुष सत्यपथ मानता है, उस ओर जिस समय वह अपने युग के समाज को भी आगे बढ़ाता है तब वह क्रांतिकारी कहलाता है। भगवान महावीर इस अर्थ में क्रांतिकारी थे। महावीर ने केवल धर्म तीर्थ का ही प्रवर्तन ही नहीं किया बल्कि एक उन्नत और स्वस्थ समाज के लिए नये मूल्य-मानक गढ़े। उन्होंने प्रगतिशील विचारों को सही दिशा ही नहीं दी बल्कि उनमें आये ठहराव को तोड़कर नयी क्रांति का सूत्रपात किया। महावीर जन्म से महावीर नहीं थे। उन्होंने जीवन भर अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्टों को सहा, दुख में से सुख खोजा और गहन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे, इसलिये वे हमारे लिए आदर्शों की ऊंची मीनार बन गये। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच एवं स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती उसके लिए सच्चाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है। महावीर जयन्ती मनाने हुए हम केवल महावीर को पूजे ही नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीने के लिये संकल्पित हो।

महावीर ने जन-जन को समता के उपदेशामृत से आप्लावित ही नहीं किया किन्तु स्वयं के जीवन में जीया। वे जिस युग में जन्मे उस समाज रूपी वट-वृक्ष को विषमता की विष वल्लरियां आवेष्टित कर चुकी थी। जाति और वर्ण के नाम पर वह बंटा हुआ था। व्यक्ति को ऊंचा और नीचा उसके चरित्र और शील से नहीं अपितु जन्म के आधार पर माना जाता था। अभिजात्यता का पैरामीटर जाति और कुल थे उसके आचरण नहीं। वैभव और सम्पत्ति में केवल रुपये, सोना, चांदी, जवाहरात ही नहीं अपितु मनुष्यों को भी गिना जाता था। ''किसके पास कितने दास-दासी हैं?'' यह भी सम्पन्नता का मापदण्ड था। फलतः दासप्रथा का प्रचलन धड़ल्ले से पनप रहा था। जब मनुष्य-मनुष्य के बीच भी इतनी विषमताएं समाज सम्मत थी तब निरीह पशु-पक्षियों और सूक्ष्म प्राणियों की ओर ध्यान देना या उनके सुख-दुःख का अहसास करना समझ से बाहर की बात थी। इन्हीं स्थितियों में नारी उत्पीड़न, दास-प्रथा, जातिवाद, बढ़ती हुई क्रूरता और सामाजिक विषमता साधारण बात थी। इन स्थितियों ने महावीर को उद्वेलित कर दिया। ऐसे विषमता एवं विसंगतिया भरे युग में क्षत्रिय कुण्डनपुर के राजा सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला के घर-आंगन में एक तेजस्वी शिशु ने जन्म लिया। वह शुभ वेला थी-चैत्र शुक्ला त्रयोदशी की मध्य रात्रि। गर्भाधान के साथ ही बढ़ती हुई सुख सम्पदा को देख बालक का नामकरण किया गया-वर्धमान। जिसके साए में था मानवता का प्यार-दुलार और समता का संसार। नन्हें शिशु के अबोले पर सक्षम आभामण्डल का ही प्रभाव था कि पुत्र जन्म की बधाई देने वाली दासी प्रियंवदा को आभूषणों का उपहार ही नहीं मिला पर महाराजा सिद्धार्थ ने सदा-सदा के लिए उसे दास्य कर्म से मुक्त कर दिया। जैन धर्म के अनुसार कोई भी तीर्थंकर अतिमानव अवतार के रूप में नहीं अपितु सामान्य व्यक्तियों की तरह ही जन्म लेते हैं।



क्षत्रिय कुण्डनपुर नगर के क्षत्रिय नरेश सिद्धार्थ के राजप्रसाद में जन्म लेने पर भी महावीर के मन में शाही वैभव के प्रति कोई आकर्षण नहीं था। शोषण और संग्रह की त्रासदी से पीड़ित लोकजीवन को हिंसा और परिग्रह के अल्पीकरण का पथ दिखाकर उन्होंने मनुष्य के हाथ में निरंकुश वृत्तियों की लगाम थमा दी। किसी गृहवासी को संन्यास की ओर ढकेलना उनका लक्ष्य नहीं था। वे व्यक्ति की शक्ति और रुचि के अनुसार उसे साधना की प्रक्रिया बताते थे। संसार के विरक्त व्यक्तियों को उन्होंने हिंसा, असत्य, चोरी, अब्रह्मचर्य और परिग्रह से सर्वथा मुक्त रहने का उपदेश दिया किन्तु जिनमें इतनी क्षमता नहीं थी, उन्हें हिंसा और परिग्रह को सीमित करने, परिहार्य असत्य और चोरी से बचने तथा विवाहित स्त्री और पुरुष के अतिरिक्त ब्रह्मचर्य का पालन करने की दिशा दिखाई। इससे असीमित भोग और संग्रह पर प्रतिबंध लग गया तथा निष्प्रयोजन होने वाली असत् प्रवृत्ति रुक गई।

महावीर जन्म से ही अतीन्द्रिय ज्ञानी थे। उन्होंने कहा तुम जो भी करते हो- अच्छा या बुरा, उसके परिणामों के तुम खुद ही जिम्मेदार हो। अपने ज्ञान से उन्होंने प्राणी मात्र में चैतन्य की धारा प्रवाहित होते हुए महसूस की। कभी-कभी वे अपने इर्द-गिर्द रहने वालों को इसकी अभिव्यक्ति भी दे देते। अक्सर वे कहा करते थे- सुख-दुख के तुम स्वयं सर्जक हो। भाग्य तुम्हारा हस्ताक्षर है। कभी किसी निरपराध या अभावग्रस्त व्यक्ति की दासता उनके कोमल दिल को कचोट जाती तो कहीं अहं और दर्प में मदहोश सत्तासीन व्यक्तियों का निर्दयतापूर्ण क्रूर व्यवहार उनके मृदु मानस को आहत कर देता। वे गहरे मानवीय संवेदना के चितेरे थे। महावीर घण्टों-घण्टों तक अपने समय की समस्याओं का समाधान पाने चिंतन की डुबकियों में खो जाते। तीस वर्ष की युवावस्था में सहज रूप से प्राप्त सत्ता वैभव और परिवार को सर्प कंचुकीवत् छोड़ साधना के दुष्कर मार्ग पर सत्य की उपलब्धि के लिए दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़े। बारह वर्ष से भी अधिक अवधि तक शरीर को भुला अधिक से अधिक चैतन्य के इर्द-गिर्द आपकी यात्रा चलती रही। ध्यान की अतल गहराइयों में डुबकियां लगाते हुए सत्य सूर्य का साक्षात्कार हुआ। वे सर्वज्ञ व सर्वदर्शी बन गये वह पावन दिन था वैशाख शुक्ला दशमी। लक्षित मंजिल उपलब्ध हो चुकी थी। इसी अनुभूत सत्य को आपने जन-जन तक पहुंचाने में उपदेशामृत की धार बहाई। वह अमृत सबके लिए समान रूप से था। उसमें जाति, वर्ण, रंग, लिंग, अमीर, गरीब की भेदरेखाएं नहीं थी। अपनी-अपनी योग्यता के अनुसार हर कोई उसे उपलब्ध कर सकता था।

महावीर ने आकांक्षाओं के सीमाकरण की बात कही। उन्होंने कहा मूर्च्छा परिग्रह है उसका विवेक करो। आज की समस्या है- पदार्थ और उपभोक्ता के बीच आवश्यकता और उपयोगिता की समझ का अभाव। उपभोक्तावादी संस्कृति महत्वाकांक्षाओं को तेज हवा दे रही है, इसीलिए जिंदगी की भागदौड़ का एक मकसद बन गया है- संग्रह करो, भोग करो। महावीर की शिक्षाओं के विपरीत हमने मान लिया है कि संग्रह ही भविष्य को सुरक्षा देगा। जबकि यह हमारी भूल है। जीवन का शाश्वत सत्य है कि इंद्रियां जैसी आज है भविष्य में वैसी नहीं रहेगी। फिर आज का संग्रह भविष्य के लिए कैसे उपयोगी हो सकता है? क्या आज का संग्रह कल भोगा जा सकेगा जब हमारी इंद्रिया अक्षम बन जाएंगी।

महावीर का दर्शन था खाली रहना। इसीलिए उन्होंने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा सुनो, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है।

## वर्ग पहेली 4961

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | | ■ | 6 |
| 7 | | | | | ■ | 8 | |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | |
| 10 | ■ | 11 | | | ■ | 12 | |
| 13 | 14 | | | ■ | 15 | | |
| 16 | | ■ | ■ | 17 | | ■ | |
| ■ | 18 | | 19 | ■ | 20 | | |
| 21 | | ■ | 22 | | | ■ | |

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 11 अगस्त 1908 को इस महान क्रांतिकारी फांसी दी गई (7)
7. दमन करने वाला (5)
8. अंतरिक्ष, आकाश, आसमान (2)
9. नृत्य करवाना (3)
11. पार्श्व, पहलू, पक्ष (3)
12. जल, आब, नीर, पानी (2)
13. विवाह के समय होने वाली एक रस्म, शशि कपूर-आशापारेख अभिनीत एक फिल्म (1968)(4)
15. स्वभाव, लत, व्यसन (3)
16. निर्णीत, फैसला किया हुआ, ठहराया हुआ (2)
17. तौल की एक सूक्ष्म ईकाई ता आइ रत्ती के बराबर होती है (2)
18. विलक्षण वस्तु या करतब, चमत्कार, पराकाष्ठा (3)
20. पंडवानी शैली की प्रसिद्ध लोकगायिका (सिर्फ नाम)(3)
21. करने वाला, रचने वाला, साधक (2)
22. यथेष्ट, आवश्यकता से अधिक, अत्यधिक ज्यादा (3)

**ऊपर से नीचे**

1. स्वयं, आप (2)
2. एक प्रकार का कीट जो कागज आदि को हानि पहुंचाता है (3)
3. जंघा, जांघ (2)
4. चक्राकार बंदूक यह कहलाती है (5)
5. बातचीत, वार्तालाप (4)
6. संत तुलसीदास की प्रसिद्ध धार्मिक कृति (8)
10. बल, शक्ति, पॉवर (3)
11. जो भाग्य में लिखा हुआ हो (2)
12. अभियोग, तर्क, दार्शनिक प्रणाली (2)
14. न्यायाधीश, जज, न्याय करने वाला (4)
15. प्रत्याशतीत, कल्पनातीत, स्वप्नातीत, अकल्पनीय (4)
19. रदपट, अधर, ओंठ, ओष्ठ (2)

### वर्ग पहेली 4960 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | द | मा | ■ | चं | ब | ल | ■ |
| रि | वा | ज | ■ | ग | ल | त | ■ |
| व | ■ | रा | ■ | ला | वा | ■ | वा |
| र्त | ■ | ■ | मु | ■ | ■ | गै | र |
| न | ई | दु | नि | या | ■ | ■ | दा |
| ■ | द | र्ज | ■ | द | ह | श | त |
| चौ | गा | न | ■ | गा | य | ■ | ■ |
| रा | ह | ■ | बा | र | ■ | ■ | पौ |

# नारी शक्ति का सामाजिक संदेश

(डॉ दिलीप अग्निहोत्री-हिफी फीचर)



भारतीय संस्कृति में प्रत्येक उत्सव एवं पर्व सामाजिक दायित्व बोध का संदेश भी देते है। इनमें सामाजिक समरसता और सुरक्षा का विचार समाहित होता है। भारतीय संस्कृति में विश्वास रखने वाले शासक शासन संचालन में जब इस विचार को समाहित करते हैं, तब इसका लाभ जनता को मिलता है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्वाभिमान का जागरण भी होता है। इस आधार पर बनाई गई नीतियों से पर्यटन और तीर्थाटन का भी विकास होता है। अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में इसका भी योगदान होता है। योगी आदित्यनाथ ने सुशासन और संस्कृति का सुन्दर समन्वय किया है। इसमें सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास समाहित है। यह उनके शासन का स्थाई तत्व है। नवरात्र में इसका सहज प्रमाण मिलता है। योगी बड़ी कुशलता से सुशासन और संस्कृति का समन्वय करते हैं। वह गौरक्ष पीठाधीश्वर हैं। इस रूप में वह कलश स्थापना अनुष्ठान हेतु गोरखपुर पहुँचे थे। वह मुख्यमंत्री हैं। इस रूप में इसी दिन उन्होंने विकास कार्यों को भी आगे बढ़ाया। नवरात्र के प्रथम दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बलरामपुर पहुँचे थे। नवमीं पर वह गोरखपुर में थे। दोनों जनपदों से उन्होने आस्था के साथ सुशासन का भी संदेश दिया। उन्होंने नवरात्र के प्रथम दिन मिशन शक्ति के अंतर्गत आयोजित महिला सशक्तिकरण रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। करीब तीन वर्ष पूर्व मिशन शक्ति के अंतर्गत एक अभियान प्रारंभ किया गया था।उस अवसर पर भी योगी आदित्यनाथ बलरामपुर आए थे। मिशन शक्ति का कार्यक्रम देश में मिसाल बन गया है। इस कार्यक्रम को अनेक राज्यों में मान्यता मिली। नवरात्र के प्रथम दिन यूपी पुलिस ने दो कार्यक्रम प्रारंभ किये थे। पहली यात्रा मां पाटेश्वरी के पावन धाम बलरामपुर से प्रारंभ होकर बुंदेलखंड के ललितपुर तक रही।दूसरी यात्रा मां विंध्यवासिनी धाम से शुरू होकर गौतमबुद्ध नगर तक रही।रामनवमी पर पहली यात्रा ललितपुर और दूसरी यात्रा गौतमबुद्ध नगर पहुंची। इसके पीछे उद्देश्य महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन है। इस थीम पर यह यात्रा प्रारंभ हुई थी।

यह यात्रा जिन भी स्थानों से निकली, वहां नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन से जुड़े मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रम किए गए। उन्होने कन्याओं का परम्परागत पूजन किया। योगी का मिशन शक्ति अभियान कन्या पूजन के संदेश से ही प्रेरित है। गोरखपुर की गोला तहसील में राज्य सरकार राम जानकी मार्ग बनाने के साथ-साथ धुरियापार में बायोफ्यूल का एक प्लांट देने जा रही है। किसान के खेत में जितना भी पुआल, खर-पतवार होगा, उसका भी पैसा किसानों को अलग से मिलेगा। नवरात्र पर ही मुख्यमंत्री ने कुशीनगर में विधान सभा क्षेत्र खड्डा के विकास की साढ़े चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की एक सौ छह परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। कहा कि कुशीनगर का अपना आध्यात्मिक और धार्मिक महत्व है। यह जनपद हर काल खण्ड में किसी न किसी महत्वपूर्ण घटना का साक्षी रहा है। भगवान श्रीराम से जुड़ी हुई स्मृतियां आज भी यहां बांसी में लोग संजोए हुए हैं। भगवान श्रीराम मां जानकी को लेकर इसी मार्ग से होते हुए अयोध्या गये थे। भगवान बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली इसी जनपद में है। तीर्थंकर महावीर से जुड़ी स्मृतियां पावा में हैं। नवरात्र पर ही मुख्यमंत्री ने तहसील खड्डा के नवनिर्मित भवन का पूजन कर उद्घाटन भी किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना,पीएम स्वनिधि योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन,कृषि विभाग,मनरेगा के लाभार्थी को लैपटॉप, आवास की प्रतीकात्मक चाभी, प्रमाण पत्र तथा डेमो चेक प्रदान किये। कुशीनगर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी हो रहा है।पूर्वी उत्तर प्रदेश को इन्सेफेलाइटिस प्रकोप से मुक्त करने मे सफलता मिली है। कुशीनगर में इण्टरनेशनल एयरपोर्ट बन गया है। मुसहर जाति के लोगों के पास आवास बनाने के लिए जमीन के पट्टे नहीं थे। आज स्वामित्व योजना के अन्तर्गत जहां पर व्यक्ति का घर है, वहीं उसे जमीन का मालिकाना अधिकार उपलब्ध कराया गया है। इस योजना के अन्तर्गत अब तक प्रदेश में लगभग साठ लाख परिवारों को घरौनी उपलब्ध करायी जा चुकी है। इन साठ लाख लोगों का जहां पर पुश्तैनी मकान बना हुआ था, आजादी के बाद से अब तक, उस मकान पर उनका अधिकार नहीं था। आज साठ लाख परिवारों को स्वामित्व का लाभ दे दिया गया है। सरकार ने यहां के लिए कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय स्वीकृत कर दिया है। सरकार शीघ्र ही एक फैमिली कार्ड जारी करने जा रही है, जिसके माध्यम से सभी परिवारों की मैपिंग की जाएगी तथा उन्हें जो सुविधा नहीं मिल रही है, पहले चरण में वह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए एक महाअभियान प्रदेश में चलाया जाएगा। सभी परिवारों के एक व्यक्ति को नौकरी या रोजगार से जोड़ने का कार्य एक बड़ा अभियान है। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में गोरखपुर विकास प्राधिकरण की अड़तीस सौ करोड़ रुपए से अधिक एक सौ बहत्तर परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।

योगी आदित्यनाथ की विन्ध्याचल, अयोध्या और काशी की यात्रा साँस्कृतिक ही नहीं सुशासन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण रही। सभी जगह उन्होंने विकास कार्यों की समीक्षा की। वस्तुतः सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और सुशासन भाजपा का संबल है। योगी आदित्यनाथ का मानना है कि राष्ट्रीय स्वाभिमान किसी देश को शक्तिशाली बनाने में सहायक होता है। देश में इसी विचार का जागरण हो रहा है। अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण व भव्य श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण महत्वपूर्ण पड़ाव के रूप में था। नवरात्र पर आदिशक्ति की उपासना और कन्या पूजन तक के कार्यक्रम नारी शक्ति का सामाजिक स्न्देश देने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ ने संस्कृति और सुशासन को नया आयाम दिया है। संस्कारों के साथ आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी गई। इसलिए देश आदर्श विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है।

## उत्तम तेनगुरिया के नेतृत्व में निकला घंटा घर से परशुराम चौक तक मशाल जुलूस



**हरदा।** कांग्रेस सेवादल राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल जी देसाई के आदेश अनुसार हरदा नगर में दिनांक 31 मार्च दिन शुक्रवार को कांग्रेस सेवादल द्वारा राहुल गांधी जी की संसद सदस्यता खत्म करने के विरोध में मशाल जुलूस घंटाघर चौक से परशुराम चौक तक निकाला गया। तेनगुरिया ने बताया कि जिस तरह से देश मे लोकतंत्र को खत्म किया जा रहा और सरकार जनता को महंगाई भ्रष्टाचार बेरोजगारी के आंसू गिरवा रही हैं इससे यह साबित होता है कि यह सरकार तानाशाही है।

मशाल जुलूस में पूर्व प्रदेश सचिव प्रकाशचन्द्र वशिष्ट वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक नेगी सेवादल प्रदेश महासचिव गोविंद व्यास संगठन मंत्री जयप्रकाश त्रिपाठी जिला अध्यक्ष ओम पटेल केदार सिरोही मोहन साई सुरेंद्र सराफ संजय गौर रमेश सोनकर हरिमोहन शर्मा मनोज कुचबंदिया अशोक पटेल अतुल पस्टारिया नवीन पाल सतीश कुचबंदिया विनय वर्मा आकाश जैन शील उपाध्याय योगेश चौहान आजय राजपूत महिला सेवा दल अध्यक्ष राजवंशी लखोरे, सुप्रिया पटेल जी पूर्व सेवादल प्रदेश सचिव राधिका शेखावत पार्षद बबिता सोनकर वंदना पाटिल अनसुईया राजपूत सोनम पाल एवं काँग्रेसिजन उपस्थित रहे।

# शिवराज सिंह सरकार के 3 साल पूरे होने पर हितग्राही बहनों का सम्मेलन आयोजित हुआ





नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा

इटारसी। दिनांक 1 अप्रैल दिन शनिवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार के बेमिसाल 3 वर्ष पूर्ण होने पर एवं सरकार द्वारा जन हितेषी योजनाओं के सफल संचालन पर हितग्राही बहनों का सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन न्यास कॉलोनी स्थित वृंदावन गार्डन में किया गया । इस कार्यक्रम का प्रारंभ पित्र पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं भारत माता के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। तत्पश्चात वंदे मातरम का गायन हुआ कार्यक्रम में स्वागत भाषण भाजपा महिला मोर्चा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती जागृति आशीष भदौरिया द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम प्रभारी एवं महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हेमा पुरोहित ने कार्यक्रम की प्रस्तावना रखी। नगर मंडल अध्यक्ष जोगिंदर सिंह ने सभी महिलाओं को कहा कि यदि योजनाओं के रजिस्ट्रेशन या लाभ प्राप्त करने में कोई समस्या हो तो वह नेशन कुछ हमारे किसी भी पदाधिकारी से सहयोग प्राप्त कर सकती हैं। उनकी समस्या का पूर्ण समाधान किया जाएगा इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता शहर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे जी ने नारी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की बात कही और बहनों को भाजपा सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री हेमलता कदम द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन सरला लूट द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान गाकर भारत माता की जय के नारे लगाए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी सांसद प्रतिनिधि एवं जिला सोशल मीडिया सहप्रभारी राजा तिवारी, नगरपालिका उपाध्यक्ष निर्मल राजपूत जी, महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी गाकर, मोर्चे की जिला मंत्री ममता मालवीय, नगर मंडल उपाध्यक्ष अभिनव शर्मा, अनुसूचित जाति मोर्चा के मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मुन्ना उईके, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष भगवान दास पप्पू पटेल, जिला कार्यकारिणी सदस्य रेखा मालवीय, नगर मंत्री सीमा सोनी, विधि पचोरी, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष सुमित्रा तोमर, बबीता चौहान,आशा राव, राजकुमारी वर्मा, नीतू सराठे, आरती बस्तरवार, माधुरी गौर, एकता अग्रवाल, रानी रजक, ममता पटेल, कृष्णा बरगले, भावना सुनेरिया, मालती मोहरे, रेखा नायक, ज्योति राठौर, पार्षदगण मनीषा अग्रवाल, ज्योति बावरिया, मनीषा राजपूत, कमला तिवारी, मुमताज बी, अनिता सैनी, गायत्री मेहरा, रुखसाना, वरिष्ठ भाजपा नेता नितिन व्यास जी, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रवीण तिवारी जी,विनीता अग्रवाल, लीला जोशी, दीपाली चौधरी ,रीना दुबे,रेखा अग्रवाल, हनसा साहू, शशिकिरण योना, राजकुमार बाबरिया, मयूर मालवीय, अंकित राठौर, यतीश बस्तरबारएवं अन्य पदाधिकारी बहने तथा हितग्राही बहने उपस्थित थी।

## सिवनी मालवा में पाम संडे के अवसर पर खजूर रैली निकाली



नर्मदा समय, अरुण कश्यप

सिवनी मालवा। सिवनी मालवा में रविवार सुबह मित्र मंडली आराधनालय से पाम संडे के अवसर पर खजूर रैली निकाली। रैली नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए नर्मदापुरम हरदा मुख्य मार्ग पर स्थित ग्रेवयार्ड (कब्रिस्तान) पहुंची। सभी सामाजिक लोगों ने प्रार्थना की, वहीं प्रार्थना के बाद दुबारा खजूर रैली मित्र आराधनालय (चर्च) रैली में ईसाई खजूर की पत्ती हाथ में लेकर चल रहे थे। पास्टर सुनील कश्यप ने बताया कि पाम संडे यानी खजूर रविवार को ईसाई धर्म के प्रमुख त्योहारों में से एक त्योहार है, जो उत्साह के साथ मनाया। मान्यता है कि इस दिन को ईसाई समुदाय के लोग प्रभु यीशु के यरुशलम में विजयी प्रवेश के रूप में मनाते हैं। यह पर्व 2 अप्रैल को मनाया गया। रैली शामिल मसीही जनों ने हाथों में खजूर की डालियां लिए होशाना के नारे लगाते हुए चल रहे थे। मित्र आराधनालय चर्च से शुरू हुई रैली गांधी चौक, नर्मदा मंदिर चौक, कल्लू चौक, रेंज ऑफिस चौक होते हुए ग्रेवयार्ड (कब्रिस्तान) पहुंची। जहां इसाई समाज के लोगों ने संयुक्त रूप से प्रार्थना की। वहां से वापस रैली चर्च पहुंची, जहां रैली में शामिल लोगों ने पवित्र ईसा मसीह के बलिदान में भाग लिए। ईसाई समाज पाम संडे के दिन प्रभु के आगमन की खुशी में गीत गाकर इस दिन का स्वागत किया। उन्होंने हाथों में खजूर की डालियां लेकर प्रभु के आने की खुशी में गीत गाए। रविवार को गिरिजाघरों में शुरू हुई प्रभु आराधना व भक्ति का सिलसिला ईस्टर तक जारी रहा ।

## भारत शीघ्र बनेगा हिंदू राष्ट्र : मुन्ना कुमार शर्मा

नर्मदा समय, प्रताप सिंह वर्मा



**इटारसी।** हिंदू नव वर्ष के उपलक्ष्य में अखिल भारत हिंदू महासभा इटारसी नर्मदापुरम द्वारा भगवा रैली का आयोजन किया गया । रैली के प्रारंभ में पुराना बस स्टैंड के पास, काली मंदिर के सामने आम सभा आयोजित हुई । इस आमसभा में अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा का स्वागत एवं अभिनंदन प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों ने फूल माला पहनाकर किया। भगवा रैली भव्य रूप में भगवा झंडों को थामे अनेक महिलाओं एवं पुरुषों के साथ निकली जो शहर के बाजार क्षेत्र एवं मुख्य मार्गो से होती हुई जय स्तंभ पहुंची जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवा रैली का उद्देश्य हिंदुत्व की भावना को लोगों में जगा कर सभी को हिंदू राष्ट्र की प्रति भावना प्रेरित करना हैं जिससे भारत शीघ्र हिंदू राष्ट्र बनेगा एवं हिंदुओं का धर्मांतरण एवं लव जिहाद पूर्ण रूप से बंद होगा । प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार ने कहा कि भगवा रैली हिंदुत्व की भावना को जागृत करने के लिए निकाली जा रही हैं। भगवा रैली में मुख्य रूप से अखिल भारत हिंदू महासभा के संभागीय संगठन मंत्री डॉ प्रताप सिंह वर्मा, भारत सिंह ठाकुर जिला महामंत्री, राजा प्रजापति जिला सह मंत्री , सीमा बरैय्या अध्यक्ष नर्मदापुरम महिला मोर्चा, आशीष प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा नगर सह मंत्री, प्रकाश मेहरा नगर सह मंत्री, नगर कार्यकारिणी सदस्यों में अनुराग कुचबंदिया, नरेंद्र प्रजापति, मनोज भाट, भानू जोठे, राजा मेहरा, राजा बाबू, सागर धुर्वे, लक्की सैनी, आशीष सैनी, चुन्नी लाल अग्रवाल, अंकित नामदेव , पवन मोहोबे, सहेली ग्राम अध्यक्ष मुकेश यादव रैली में मांझी समाज महासंघ की ओर से अध्यक्ष प्रकाश पहलवान, वरिष्ठ समाज सेवी दुर्गा प्रसाद रैकवार, कोषाध्यक्ष पवन मालवीय, अनिल केवट, सोनू रैकवार उपस्थित रहे ।

## साशा की मौत के बाद कूनो नेशनल पार्क से आई गुड न्यूज, मादा चीता ने 4 शावकों को जन्म दिया है

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



**भोपाल।** कूनो नेशनल पार्क के डीएफओ प्रकाश वर्मा ने बताया कि सियाया नाम की चीता ने 4 शावकों को जन्म दिया है। चारों शावक और माँ पूरी तरह स्वस्थ हैं। दो दिन पहले ही कूनो से मादा चीता साशा की मौत की खबर ने सभी को दुखी कर दिया था। लेकिन कहते हैं न हर रात के बाद सुबह होती है और हर पतझड़ के बाद बसंत आता है। साशा की कमी पूरी हो नहीं सकती, लेकिन इन चार नन्हें मेहमानों के आने से कूनो में नई बहार जरूर आ गई है। चारों शावकों के जन्म पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट करते हुए कहा है कि अमृत काल के दौरान हमारे वन्यजीव संरक्षण के इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटना । मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में 17 सितंबर 2022 को भारत लाए गए चीतों में से एक के चार शावकों का जन्म हुआ है। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने भी इस मौके पर प्रसन्नता जताई है। बता दें कि मादा चीता का गर्भकाल 90 से 95 दिन तक होता है। वो एक बार में तीन से लेकर पांच बच्चों को जन्म दे सकती है। जानकारी के मुताबिक जन्म के समय एक शावक का औसत वजन करीब 150 से 300 ग्राम के बीच होता है और वो जन्म के बाद पूरी तरह अपनी मां पर ही निर्भर होते हैं। हालांकि वो तेजी से विकसित होते हैं और दस दिन के अंदर उनकी आंखें खुल जाती है। करीब तीन सप्ताह के होते होते उनके दांत और मंसूढ़े निकल जाते हैं।इस तरह तेजी से उनका विकास होता है। अब कूनो नेशनल पार्क में इन चार नन्हें चीता शावकों के आने से खुशी की लहर दौड़ गई है।

## सफारी की सवारी कर रहे हैं पर्यटक, पांच माह में 430 पर्यटक ले चुके हैं बोट सफारी का आनंद

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



नर्मदापुरम। नर्मदापुरम जिले के प्राकृतिक व पर्यटन स्थलों का निरंतर विस्तार जारी है। जिला प्रशासन के द्वारा इस क्षेत्र में विशेष ध्यान देकर पर्यटन को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है। नर्मदापुरम कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले में 52 सप्ताह 52 ईवेंट के तहत अनेक कार्यक्रम व समारोहों के माध्यम से पर्यटन के क्षेत्र में अनेक कार्य किए गए हैं। जो अभी भी जारी हैं। इसी श्रृंखला में तवा रिसोर्ट से परसापानी तक में की जाने वाली वोट सफारी से जलमार्ग का भी 430 पर्यटक आनंद ले चुके हैं। यह क्रम निरंतर जारी है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई, चूरना, सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में लगातार पर्यटकों का आना जारी है। विशेष रूप से तवा क्षेत्र के परसापानी में बोट सफारी से पर्यटक रोमांचित हो रहे हैं। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए तैनात वनकर्मी और प्रशिक्षित गाइड का सहयोग पर्यटकों को मिलता है। पर्यटकों को वन्यप्राणी देखने का अनुभव काफी अच्छा रहा है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने भी बेहतर प्रबंध किए हैं। अक्टूबर 2022 से लेकर फरवरी 2023 तक 430 पर्यटकों ने जल मार्ग पर बोट सफारी कर चुके हैं। जिसमें स्पीड बोट से 150 यात्रियों ने तथा जलपरी से 280 पर्यटकों ने बोट सफारी की है। यहां पर प्रशिक्षित गोताखोर भी तैनात हैं साथ ही सुरक्षा के लिए अन्य बोट भी तैनात की गई है।

## श्री राम शोभा यात्रा का अखिल भारत हिंदू महासभा ने स्वागत अभिनंदन किया

**नर्मदा समय संवाददाता/इटारसी।** श्री राम नवमी के अवसर पर श्री राम जन्म महोत्सव के अंतर्गत द्वारकाधीश मंदिर से निकाली गई श्री राम जी की शोभा यात्रा का अखिल भारत हिंदू महासभा द्वारा जय स्तंभ चौक मैं स्वागत एवं अभिनंदन किया गया । सर्वप्रथम पालकी में विराजे श्री राम जी की मूर्ति को माल्यार्पण वंदन कर स्वागत किया एवं शोभायात्रा में शामिल लोगों पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया । इस दौरान संभागीय संगठन मंत्री डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद पगारे का फूल माला पहनाकर स्वागत किया ।

अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्यों ने नगर सह मंत्री प्रमोद शर्मा के नेतृत्व में यात्रा में शामिल लोगों को पानी के पाउच वितरित किये । इस यात्रा के स्वस्गत मैं प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार संभागीय संगठन मंत्री डॉ प्रताप सिंह वर्मा, जिला सह मंत्री राजा प्रजापति, नगर सह मंत्री प्रमोद शर्मा, नगर कार्यकारणी सदस्य नरेंद्र प्रजापति, वार्ड नंबर 8 अध्यक्ष अनिल मेहरा, नगर कार्यकारिणी सदस्य अनुराग कुचबंदिया, महेश मेहरा नगर कार्यकारिणी सदस्य मोहित मालवीय, नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश कुचबंदिया, पवन महोबे, राजेंद्र जोठे, भानु जोठे, अंशुल कुचबंदिया शामिल थे ।



## लाडली बहना योजना के अंतर्गत 110 आवेदन फॉर्म किए जमा

कुलदीप राजपूत



**हरदा।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के अंतर्गत जगह-जगह ग्राम पंचायतों में केंद्र के माध्यम से हितग्राहियों के ऑनलाइन आवेदन जमा किए जा रहे हैं वही ग्राम पंचायत भंवरास मैं वे आवेदकों का फॉर्म जमा कर हितग्राहियों का लाभ दिलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत सचिव महेंद्र तोमर ने बताया कि लाडली बहना योजना के अंतर्गत अभी तक 110 फॉर्म महिलाओं के जमा कर चुके हैं। इस दौरान सरपंच रामप्रसाद ध्रुवे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनिता परासर कृष्णा सांगुले धनपाल पाल व गेंदालाल पाल ऑपरेटर बलराम मालवीय उपस्थित रहे।

## कुलपति चिन्मय पंड्या का स्वागत किया



**नर्मदापुरम। प्रदीप गुप्ता/** अखिल विश्व गायत्री परिवार एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार के प्रति कुलपति चिन्मय पंड्या का भोपाल से बैतूल प्रवास के दौरान गायत्री शक्तिपीठ नर्मदापुरम एवं क्षेत्र के सक्रिय परिजनों के द्वारा मां नर्मदा ब्रिज, भोपाल बाई पास पर स्वागत अभिनंदन किया गया। जानकारी देते हुए सहायक प्रबंधक ट्रस्टी अनुराग मिश्रा ने बताया कि बैतूल एवं छिंदवाड़ा में 108 कुंडी यज्ञ हेतु वे प्रवास पर हैं। जिसमें सहायक प्रबंधक ट्रस्टी अनुराग मिश्रा, व्यवस्थापक यूके सिंह, ट्रस्टी डीसी बाईया, सुरेश चंद सराठे, ट्रस्टी चंद्रमोहन गौर, तुलसीराम बावरिया, नर्मदा प्रसाद बावरिया, दीनदयाल मौर्य, जितेंद्र शर्मा, रामकृष्ण चौरे, श्रीमति आरती गौर, एन डी सराठे, बसंत मलैया, प्रभाकर राव, चंद्रकांत सोनी, प्यारेलाल बाबरिया, हरि शंकर राय, केशव, संध्या मांगरोल, राम कुमार सोनी, विश्राम सिंह राजपूत आदि वरिष्ठ परिजनों ने भव्य स्वागत किया।

## जय हो समिति के नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का 175 वा सप्ताह

नर्मदापुरम। जय हो सामाजिक कल्याण समिति द्वारा प्रत्येक रविवार को नर्मदा घाटों पर सफाई अभियान चलाया जाता है। विवेकानंद घाट पर समिति द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। समिति अध्यक्ष अर्पित मालवीय ने कहा कि मां नर्मदा हम सभी की पूज्य है। रोजाना लाखों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक संस्कारों को करने के लिए यहां आते हैं। मां नर्मदा के तट साफ और स्वच्छ रहें, इसके लिए हम संकल्पबद्ध है। इस अवसर पर अर्पित मालवीय, अनिल मिश्रा, टोनी दुन्दवि, किशन सराठे, सौरभ अहिरवार, संजू प्रजापति, राजा मालवीय, लोकेश माधव, पंकज मेहरा, कौशिक बावरिया, सूरज वर्मा, विशाल बावरिया, सागर पटैल, कामेश नेमा, राकेश धाकड़, सक्षम बावरिया, चिराग बावरिया, प्रीतम चक्रवर्ती, राजेश वर्मा, जतिन यादव, आशीष मेहरा, विशाल बिश्नोई आदि उपस्थित रहे।

# अखिल भारत हिंदू महासभा आगामी विधान सभा चुनाव में अपना प्रत्याशी खड़ा करेगी

### फर्जी पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज किया जावेगा

नर्मदा समय, संवाददाता

**इटारसी ।अखिल भारत हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना कुमार शर्मा की प्रेस वार्ता इटारसी के स्थानीय रेस्ट हाउस में आयोजित हुई । वार्ता के माध्यम से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मध्य प्रदेश में आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में अखिल भारत हिंदू महासभा अपने प्रत्याशी मजबूती से खड़ा करेगी। मध्यप्रदेश विधानसभा में हिंदुत्व के मुद्दों को मजबूती से नहीं उठाया जा रहा है जिसकी कमी को पूर्ति करने के लिए कट्टर हिंदूवादी व्यक्ति को विधानसभा में प्रत्याशी के रूप में उतारा जाएगा ।**

हिंदू महासभा सामान्य नागरिक कानून, जनसंख्या नियंत्रण कानून, एक विवाह एवं दो बच्चों का कानून, गौ हत्या को प्रतिबंधित करने वाला राष्ट्रीय स्तर का कानून बने । साथ ही गौ हत्या के लिए फांसी की सजा हो, साधु संतों की रक्षा हो, लव जिहाद एवं धर्मांतरण पर पर पूर्ण रोक लगे । राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मुन्ना कुमार शर्मा ने बताया कि इटारसी शहर में कुछ लोग फर्जी तरीके से अखिल भारत हिंदू महासभा के नाम का उपयोग कर फर्जी रूप से अपने को हिंदू महासभा का पदाधिकारी बता रहे हैं ऐसे लोगों पर शीघ्र कानूनी कार्यवाही कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा ।

प्रदेश महामंत्री कन्हैयालाल रैकवार ने बताया कि हिंदू महासभा का सदस्यता अभियान तेजी से प्रदेश स्तर पर चल रहा है और शीघ्र ही एक मजबूत संगठन खड़ा हो जावेगा एवं जो लोग हिंदू महासभा का नेता बता कर फर्जी तरीके से घूम रहे हैं वह पूरी तरह से बेनकाब होंगे ।



संभागीय संगठन मंत्री डॉ प्रताप सिंह वर्मा ने कहा कि नर्मदापुरम संभाग के तीनों जिलों में सदस्यता अभियान को और अधिक गति देकर संगठन को मजबूत किया जाएगा । प्रेस वार्ता में अखिल भारत हिंदू महासभा के पदाधिकारी कन्हैयालाल रैकवार प्रदेश महामंत्री, डॉ प्रताप सिंह वर्मा संभागीय संगठन मंत्री, राजा प्रजापति जिला सह मंत्री, आशीष प्रजापति नगर उपाध्यक्ष, प्रमोद शर्मा नगर सह मंत्री, भानु जोठे, पवन मोहोबे उपस्थित रहे ।

## महिला हितग्राही सम्मेलन का किया आयोजन

नर्मदा समय, अरुण कश्यप



**सिवनी मालवा।** नर्मदापुरम जिले की सिवनी मालवा तहसील मैं भाजपा महिला मोर्चा मंडल द्वारा शनिवार को सरदार वल्लभभाई पटेल मांगलिक भवन में महिला हितग्राही सम्मेलन एवं भाजपा सरकार के 3 साल के कार्यकाल को लेकर प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया इसमें लाडली बहना योजना व महिलाओं से जुड़ी अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संभाग प्रभारी पंकज जोशी एवं अध्यक्षता महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने की। विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रेम शंकर वर्मा अतिथियों का स्वागत महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि प्रदेश की शिवराज सरकार द्वारा प्रदेश के विकास के लिए अनेक विकास की योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने कहा मातृशक्ति के बिना समाज हमेशा अधूरा रहता है और भारतीय जनता पार्टी को मातृशक्ति का अपार जन सहयोग मिला है। जिसकी वजह से प्रदेश सरकार ने अपना सफलतम 3 साल का कार्यकाल पूरा किया है। आगामी 2023 विधानसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा मातृशक्ति के आशीर्वाद से एक बार प्रदेश में फिर से भाजपा का परचम लहराएगा और भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी वही प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए सभी महिला हितग्राहियों को धन्यवाद दिया साथ ही साथ प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ महिलाओं को मिला है एवं लाडली बहना योजना के साथ-साथ प्रदेश सरकार द्वारा संचालित महिला संबंधित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया और उन्होंने कहा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कि हमेशा मनसा रही है कि महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर योजनाएं बनाई जाएं ।

# पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय



**आमला।** जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय द्वारा आयोजित विशेष शिविर ग्राम खापा खतेड़ा में दिनांक 25 मार्च 2023 से 31 मार्च 2023 तक सुचारू रूप से संपन्न हुआ 7 दिवसीय शिविर में एन.एस.एस कैंप के बैनर तले छात्र इकाई और छात्रा इकाई द्वारा अनेक रोचक और साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए प्रथम दिवस पर विद्यार्थियों ने अपना दल बनाकर ग्राम खापा खतेड़ा में ग्रामीण जनता से रूबरू होकर सरकारी योजनाओं कि लोगों को जानकारी दी और शिक्षा एवं संस्कृति के महत्व को बताया साथ ही जल स्त्रोतों की सफाई बोरी बंधान जैसे कार्यक्रम कर लोगों को जल ही जीवन है और जल के महत्व को बताया द्वितीय दिन में विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक आमला अरविंद माथनकर ने भी सभी विद्यार्थियों से अपना अनुभव साझा कर स्वरोजगार एवं स्वालंबन की प्रक्रिया से रूबरू कर विद्यार्थी जीवन में संस्कार और अनुशासन का महत्व बताया विशेष अतिथि के रूप में शामिल बालाजी शिक्षा महाविद्यालय आमला के प्राध्यापक तरुण माथनकर ने भी अपने उद्बोधन में विषम परिस्थितियों में जीवन जीने की कला से रूबरू कर विद्यार्थियों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताएं साथ ही महिला दल ने ग्राम में निवास कर रही महिलाओं से चर्चा कर महिलाओं की शिक्षा की स्थिति और वर्तमान समय में निर्वाचन प्रणाली में आए।

बदलाव और मतदान अधिक से अधिक करने के लिए गांव में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया साथ ही प्रतिदिन सुबह सवेरे विशेष योग शिविर का आयोजन कर विद्यार्थी जीवन का मनोबल बढ़ाने और स्वस्थ मानसिकता के विकास पर बल दिया एन.एस.एस इकाई ने सात दिनों तक अनेक रोचक और साहित्यिक कार्यक्रम कर पर्यावरण संरक्षण बेटी बचाओ दहेज प्रथा बंद करो अस्पृश्यता निवारण जैसे अनेक विषय पर कार्यक्रम कर ग्राम के आम जन को जीवन शैली में सुधार कर नशा मुक्ति और पॉलिथीन मुक्त जैसी थीम पर कार्यक्रम किए गए।

कार्यक्रम के अंतिम दिन सात दिवसीय शिविर समापन पर महाविद्यालय के संचालक मनोज मालवे, शैलेंद्र गुप्ता, यशवंत चढ़ोकार सहित प्राचार्य डॉ. केशवानंद साहू उपस्थित थे अतिथि के स्वागत के बाद बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, अपने उद्बोधन में मालवे ने एन.एस.एस कैंप के सफल आयोजन पर बधाई प्रेषित कर विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना प्रेषित की ग्राम सरपंच मनोज रहड़वे ने भी अपने विचार साझा किए गुप्ता ने भी अपने विचार रखते हुए समस्त खापा खतेडा की जनता का आभार व्यक्त किया यशवंत चढ़ोकार ने विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए उपयोगी सुझाव साझा किए अंत में प्राचार्य डॉ केशवानंद साहू ने आभार व्यक्त करते हुए समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों की सहयोग की सराहना की। शिविर में पुरुष इकाई कार्यक्रम अधिकारी अरविंद पाटणकर और महिला इकाई कार्यक्रम अधिकारी अंजलि राठौर का विशेष सहयोग रहा समस्त स्टाफ ने भविष्य में अनेक कार्यक्रम करने के लिए विशेष योगदान पर बल दिया एन.एस.एस के बैनर तले ही कॉलेज चलो अभियान के तहत समस्त प्राध्यापक गणों ने गांव गांव जाकर विद्यार्थियों को प्रवेश लेने की प्रक्रिया से अवगत कराया साथ ही नई शिक्षा नीति 2020 की जानकारी पेपर पोंपलेट और पीपीटी के माध्यम सेअवगत किया ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया प्रवेश शुल्क छात्रवृत्ति पाठ्यक्रम सहित महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधा के बारे में जानकारी दी विद्यार्थी भी कॉलेज में प्रवेश को लेकर उत्साहित नजर आए इस समापन अवसर पर समस्त विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए गए कार्यक्रम में मंच संचालन प्रदीप बावने एवं खेमराज सोलंकी द्वारा किया गया इस अवसर पर सभी सहायक प्रध्यापक गणों में धर्मपाल मालवीय मुकुंदराव ठाकरे ओमप्रकाश पांडे राजू देशमुख शंकर बिनझाड़े शबाना खान कमल साहू अंजना प्रसाद मोनिका पांडे शिवानी राठौर कविता वागदरे राकेश सुनानिया और मुकेश कुमार उपस्थित थे।

## कलेक्टर गर्ग ने सिराली की वार्ड चौपाल में सुनी नागरिकों की समस्याएं

### सिराली में वार्डवासियो ने नाली व साफ सफाई की समस्याओ को देख सौपा आवेदन

कुलदीप राजपूत



**हरदा।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने शनिवार को सिराली में आयोजित वार्ड चौपाल में वार्ड क्रमांक 4,5,6 व 7 के नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान रेन बसेरा मे लाडली बहना योजना के लिए किए जा रहे पंजीयन कार्य का भी जायजा लिया और लाडली बहना योजना में बहनों के पंजीयन कार्य की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर डीके सिंह और एसडीएम खिरकिया महेश बमनहा सहित विभिन्न अधिकारी भी मौजूद थे।

**वार्ड में कई समय से समस्याओं से परेसान थे वार्ड निवासी:** चौपाल के समय सिराली के वार्ड नंबर 6 साई वार्ड में चौपाल के समय समस्याओं को देख आवेदन दिया और बताया कि वार्ड में नाली नहीं होने से निकासी गन्दा पानी लोगो के कॉलोनी व घरों में जा रहा है भी रोड भी ठीक नही है। कालोनी में बिजली सम्बंधित समस्या भी वनी रहती है बिजली के खमे व डीपी लगाई लगाने की मांग की गई है। वार्ड निवासी हरीश तिवारी ने बताया कि समस्या को देख कई बार नगर परिषद सिराली को अवगत कराया जा चुका है लेकिन वार्ड वासियो की आज तक समस्याओं का समाधान नही हुआ है। लोगो के घरों का निकासी गन्दा पानी टुयूबेल इत्यादि में पहुँच रहा जिससे लोग बीमार हो रहे है।

## टीकमगढ़ पुलिस ने शांति एवं सुरक्षा का संदेश देने निकाला फ्लैग मार्च



**टीकमगढ़।** आगामी त्यौहारों महावीर जयंती, हनुमान जयंती, अंबेडकर जयंती, ईद-उल-फितर को दृष्टिगत रखते हुए शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया। जो थाना कोतवाली से शुरू होकर गांधी चौराहा, स्टेट बैंक चौराहा, पपोरा चौराहा, जेठा चौराहा, पुरानी नगर पालिका, नगर भवन, जवाहर चौक, कटरा बाजार, लुकमान चौराहा, मिश्रा तिराहा, सैल सागर चौराहा, जय स्तंभ, पुराना बस स्टैंड, घंटा घर, गांधी चौक होते हुए थाना कोतवाली पर समाप्त हुआ।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा बताया गया कि आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करने के उद्देश्य से यह फ्लैग मार्च निकाला गया है एवं जिले वासियों से अपील की गई है कि अपने धार्मिक त्यौहारों को शांति पूर्वक मनाए एवं अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस आपके साथ है।

उक्त फ्लैग मार्च में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी बी डी त्रिपाठी, उप पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, थाना प्रभारी देहात निरीक्षक प्रीति भार्गव, थाना प्रभारी दिगोडा निरीक्षक मैना पटेल, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक पूर्णिमा मिश्रा, रक्षित निरीक्षक दिनेश लात्या सहित थाना कोतवाली, देहात, पुलिस लाईन, पुलिस कार्यालय का समस्त पुलिस बल शामिल हुआ।

## कालका माता मंदिर पर आयोजित किया गया वार्षिक मेला महोत्सव



**बल्देवगढ़/खरगापुर।** जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत देरी में सिद्ध पीठ कालका मंदिर पर चेत्र नवरात पर वार्षिक मेला महोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम 9 दिवस तक आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि खरगापुर विधायक राहुल सिंह लोधी रहे।

कालका माई मंदिर जिले का प्रसिद्ध शक्ति पीठ मंदिर है। यह मंदिर पहाड़ी पर है और लोगों की आपार श्रृद्धा है। साल के दोनों सीजन की नवरात पर कमेटी द्वारा विशेष आयोजन किए जाते है। शुरू होने से अंतिम दिवस तक रोचक कार्यक्रम होते है। समापन पर खरगापुर विधायक पहुंचे। जहां गायक पार्टी मौजूद थी। उन्होंने माता की महिमा पर गीतों का गायन किया। उसके बाद क्षेत्र के विकास की बता कही। कार्यक्रम में शामिल लोगों से खरगापुर विधायक ने कहा कि गर्मी का सीजन शुरू होने वाला है। कई ग्रामीण क्षेत्र ऐसे है जहां पेयजल समस्या होती है। ऐसे गांवों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके साथ ही लाडली बहना योजना का लाभ लेने और सरकारी खरीदी केंद्रों पर अनाज बेचने की बात कही।

## लाड़ली बहना योजना के लिए बोड़खी में खोला जाए कार्यालय

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय

**आमला।** लाड़ली बहना योजना में सर्वर की दिक्क़त अधिक अ रही है तो वही समग्र आईडी में मोबाईल नंबर दर्ज नहीं होने के चलते बोड़खी क्षेत्र की महिलाओ को नपा कार्यालय आमला आकर समग्र में मोबाइल नंबर दर्ज करवा पड़ रहा है। महिलाओ को होती परेशानी को देख शनिवार को युवक कांग्रेस विधानसभा उपाध्यक्ष प्रदीप कोकाटे ने नपा अध्यक्ष व सीएमओ के नाम एक ज्ञापन सौप लाड़ली बहना के केव्यासी व आवेदन तक बोड़खी क्षेत्र की महिलाओ के लिए नपा का एक कार्यालय बोड़खी क्षेत्र में खोले जाने की मांग की है।



प्रदीप कोकाटे ने ज्ञापन के माध्यम से कहा है की वर्तमान में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में पंजीयन का कार्य नगरीय क्षेत्र आमला में किया जा रहा है। जिसमें बोडखी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक-14 से 18 तक की महिलाओं को योजना में समग्र केव्हावली एवं पंजीयन के लिए नगरपालिका कार्यालय आमला तक भरी धूप में आना पड़ रहा है एवं कार्यालय में भी महिलाओं की अत्यधिक भीड़ होने से उनका कार्य भी समय पर नहीं हो पा रहा है। जिससे महिलाओं को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। महिलाओं की परेशानी को देखते हुए बोड़खी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक- 14 से 18 तक की महिलाओं की उचित व्यवस्था हेतु वार्ड के समीप मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में केन्नायसी एवं पंजीयन का कार्य हेतु नगरपालिका द्वारा एक कार्यालय स्थापित करते हुए उस क्षेत्र के वार्ड प्रभारी/ सर्वे दल कर्मचारी कम्प्यूटर ऑपरेटर की सुविधा प्रदान की जाए जिससे महिलाओं को परेशानी का सामना न करना पड़े। इस कार्य के लिए मेन रोड बोडखी के वार्ड क्रमांक-17 में धनराम कोकाटे द्वारा अपने भवन में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना में केव्हायसी एवं पंजीयन कार्य हेतु अपनी सहमति 01 माह के लिए प्रदान की गई है। महिलाओं की सुविधा हेतु इस भवन में न.पा. द्वारा कार्यालय स्थापित करने की मांग की है।

## आप पार्टी के नए पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

### भोपाल में आयोजित हुआ समारोह पूर्वक कार्यक्रम

नर्मदा समय

**टीकमगढ़। 1 अप्रैल 2023 को भोपाल में आम आदमी पार्टी के नए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें पार्टी में बनाए गए नए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई इस मौके पर टीकमगढ़ जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने टीकमगढ़ जिला के अध्यक्ष की सपथ ली उनके साथ निवाड़ी जिला अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर ने निवाड़ी जिला के अध्यक्ष पद की सपथ ली एवं मध्यप्रदेश के संयुक्त सचिब पद की हामिद चौधरी ने सपथ ली।**



इसी के साथ मध्यप्रदेश पूर्व कर्मचारी संघ के संयुक्त सचिब मेजर राजेंद्र रजक ने, रामधीन अहिरवार ने जिला सचिव एवं आशीष खरे लोकसभा उपाध्यक्ष ने सपथ ली मीडिया से चर्चा करते हुए एवं व्हाट्सएप के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए टीकमगढ़ जिला अध्यक्ष जितेंद्र जैन क्रांतिकारी ने बताया कि भोपाल में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राज्यसभा सांसद संदीप पाठक की अध्यक्षता में ये सपथ का कार्यक्रम आयोजित गया। शपथ ग्रहण समारोह के दौरान शपथ लेने वाले पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी के वरिष्ठों को आश्वासन दिलाया कि पार्टी की रीति -नीति के अनुसार सदैव काम करेंगे और जनता जनार्दन के बीच में पहुंचकर जनता जनार्दन के हितों को लेकर उनकी लड़ाई लड़कर पार्टी के आधार को मजबूत करेंगे। उल्लेखनीय है कि अभी हाल ही में आम आदमी पार्टी ने नए पदाधिकारियों की सूची जारी की थी और उन्हें दायित्व सौपैं गए थे जिनका शपथ ग्रहण समारोह पूर्वक भोपाल में आयोजित किया गया।

## आमला से श्रुति सक्सेना वर्मा को मिला बेस्ट वूमेन अवार्ड

### रेलवे अधिकारियों कर्मचारियों सहित गणमान्य नागरिकों ने दी बधाई

बबलू निरापुरे/नर्मदा समय

**आमला। चेत्र नवरात्र की अष्टमी बुधवार 29 मार्च को सिविल लाइन केसर बाग में 2023 बेस्ट वूमेन अवार्ड का कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में जिले से कला, शिक्षा, खेल, चिकित्सा, साहित्य, साहस, व्यवसाय, सांस्कृतिक, समाजसेवा, सहित अन्य अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपना नाम स्थापित करने वाली 42 नारी शक्तियों को सम्मानित किया गया इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक हेमन्त खंडेलवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष बबला शुक्ला, नपा अध्यक्ष पार्वती बाई देशमुख, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी अबीजर हुसैन सहकारी बैंक अध्यक्ष अतीत पवार बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थे। आमला की श्रुति सक्सेना वर्मा को भी सम्मानित कर मुख्य अतिथियों द्वारा अवार्ड दिया गया श्रुति द्वारा सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया गया।**



गौरतलब होगा की आमला निवासी श्रुति सक्सेना वर्मा रेलवे मंडल में ट्रेन मैनेजर है इनके पति स्वर्गीय आर के वर्मा मेल ट्रेन मैनेजर थे। श्रुति सक्सेना वर्मा द्वारा अपनी ड्यूटी के बाद आज भी जरूरत मंद लोगो की मदद करना अवकाश अवधि में ग्रामो में जाकर ग्रामीणों को आवश्यकतानुसार सामग्रियों का जैसे किताबे कापी पेंसिल पेन कपड़े मिठाई चॉकलेट वितरण करती है कोविड काल गरीब लोगों सहित रेलवे अस्साल में स्थित कोविड सेंटर पर जाकर संक्रमित लोगो के लिए चाय, दूध, बिस्किट, फल वितरण किया साथ ही कोविड महामारी के समय वालेंटियर लोगो को नगद चंदा राशि भी भेट दी गई थी। श्रुति वर्मा ने अपने पति श्री आर के वर्मा जी के निधन के बाद अनुकंपा नियुक्ति में ड्यूटी कर अपनी नोकरी की राशि से ही जरूरत मंद लोगो की मदद की गई।

### यह मिली श्रुति को उपलब्धिया

श्रुति वर्मा सक्सेना रेलवे नोकरी के अलावा समाजिक कार्यो के समाज सेवा के लिए गौशाला समिति द्वारा सम्मानित किया गया था। वही मिसेस इंडिया ब्रांड एम्बेसडर, मिसेस यूनिवर्स में मिसेस वर्ल्ड अवार्ड सहित अन्य खिताब भी जीते जिसके बाद दैनिक भास्कर ग्रुप द्वारा भी बेस्ट वूमेन अवार्ड देकर इन्हें सम्मानित किया गया। जिस पर स्टेशन प्रबंधक वी के पालीवाल सहित सभी स्टाफ के ट्रेन मैनेजरों सहित नगर के गणमान्य नागरिकों व पत्रकारों ने बधाइयां दी।

## हरदा में 15 करोड़ की लागत से बनेगा इंडोर खेल स्टेडियम

### मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने दी प्रशासकीय स्वीकृति, नगर पालिका हरदा के निर्माण मद में पहुंचे 15 करोड़

कुलदीप राजपूत/



**हरदा।** कृषि मंत्री कमल पटेल ने हरदा जिले से आए खिलाड़ियों के एक प्रतिनिधिमंडल से भोपाल में सौजन्य भेंट करते हुए कहा कि हरदा खेलों में हरदा की युवा प्रतिभाएं निखरकर आए और वे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक लेकर आए इसके लिए हरदा जिले में कमल युवा खेल महोत्सव विगत 2 वर्षों से हो रहा है। हरदा में जहां एक और आउटडोर स्टेडियम सुसज्जित किया गया है। वहीं दूसरी ओर हरदा में 15 करोड़ रुपए की लागत से इंडोर स्टेडियम बनाने की जो घोषणा मैंने की थी। उसे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पूरा करते हुए प्रशासकीय स्वीकृति के साथ 15 करोड़ की राशि नगर पालिका हरदा के निर्माण मद में पहुंच गई है। अगले वर्ष होने वाले कमल युवा खेल महोत्सव का आयोजन इंडोर स्टेडियम में होगा।

जिसके के लिए मैं संदीप पटेल व उनकी पूरी टीम, कमल स्पोर्ट्स क्लब के साथ युवा मोर्चा को बधाई देता हूं। हरदा में कमल युवा खेल महोत्सव के आयोजन से ऐसी बहुत सारी खेल प्रतिभाएं उभरकर मध्यप्रदेश के खेल जगत के शिखर पटल पर उभर कर आई है। जिन्होंने मध्यप्रदेश की विभिन्न खेलों की टीमों में अपना स्थान बनाया है। यह हमारे उस संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। जिसमें हम ने संकल्प लिया था कि हरदा को खेलों के क्षेत्र में नंबर वन बनाते हुए हरदा जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलें और देश के लिए तमगा हासिल करें। मंत्री पटेल के उद्बोधन के पश्चात हरदा जिले से आए खेल प्रतिनिधिमंडल ने स्टेडियम निर्माण के लिए उनके अथक प्रयासों का आभार मानते हुए धन्यवाद दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-प्रताप सिंह वर्मा के लिए ''दिशागोचर प्रकाशन'', 26बी, प्रेस काम्पलेक्स, एम.पी.नगर, जोन-1 भोपाल से मुद्रित एवं लाइफ लाइन भवन शिवराजपुरी कॉलोनी इटारसी जिला नर्मदापुरम 461111 म.प्र. इटारसी से प्रकाशित किया। नोः- सभी विवादों के लिए न्यायक्षेत्र नर्मदापुरम जिला न्यायालय रहेगा। मोबाइल नं.:-7974372722